प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 07.01.2026 **(दोपहर–1310 बजे)**

मुख्य समाचार

1. **भारतीय रेल दुनिया की सबसे अधिक विद्युतीकृत रेल प्रणालियों में शामिल, रेल नेटवर्क का 99 प्रतिशत से अधिक हिस्सा विद्युतीकृत।**
2. **अवैध खनन की जांच के लिए सीबीआई की टीम पहुंची साहिबगंज, 100 करोड़ के अवैध खनन की पुष्टि, अगले तीन से चार दिनों तक मामलों की करेगी गहन जांच।**
3. **आठ मार्च को होगी जेपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा, आयोग ने जारी किया प्रतियोगिता परीक्षाओं का आधिकारिक कैलेंडर ।**
4. **पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोआमुंडी में जंगली हाथी ने कल रात 7 लोगों की ली जान, दस दिनों में 16 को कुचला,वन विभाग के उच्च अधिकारी आज पहुंचेंगे चाईबासा।**
5. **और रांची में महिला हॉकी इंडिया लीग में श्राची बंगाल टाइगर्स ने एसजी पाइपर्स को सडन डेथ में दी मात, 10 जनवरी को फाइनल में दोनों टीमें होंगी आमने–सामने।**

****

भारतीय रेल दुनिया की सबसे अधिक विद्युतीकृत रेल प्रणालियों में शामिल हो गया है। अब देश में लगभग 70 हज़ार किलोमीटर ब्रॉडगेज लाइन पर रेलगाड़ियां बिजली से चलती हैं। देश के रेल नेटवर्क का 99 प्रतिशत से अधिक हिस्सा विद्युतीकृत हो चुका है। 2004 से 2014 के बीच लगभग रोज़ाना डेढ़ किलोमीटर की रेल लाइन का विद्युतीकरण होता था जो पिछले छह वर्षों में बढ़कर 15 किलोमीटर प्रतिदिन से अधिक हो गया है। रेलवे अब नवीकरणीय ऊर्जा का अधिक उपयोग कर रही है। पिछले साल नवंबर में रेलवे की सौर ऊर्जा क्षमता लगभग 900 मेगावाट तक पहुंच गई जो 2014 में चार मेगावाट से भी कम थी।

****

शासन में सक्रियता और योजनाओं पर समयबद्ध तरीक़े से अमल के लिए प्रधानमंत्री के अग्रणी प्लेटफॉम प्रगति की अब तक 50 बैठक हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस प्लेटफार्म की शुरुआत की थी जिससे परियोजनाओं की स्थिति की तुरंत जानकारी ली जाती है। इसकी बैठकों में बुनियादी परियोजनाओँ और लोक शिकायतों की सीधे प्रधानमंत्री द्वारा समीक्षा की जाती है। प्रगति प्लेटफॉर्म से केंद्र और राज्यों के लिए साझा डिजिटल मंच उपलब्ध हुआ है जो सहयोगपूर्ण संघवाद का सशक्त उदाहरण है। प्रगति प्लेटफॉर्म से निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज़ हुई है, परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान हुआ है और उत्तरदायित्व की संस्कृ ति स्थापित हुई है।

****

अवैध खनन की जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो,सीबीआई की एक विशेष टीम कल शाम साहिबगंज पहुंची। जांच टीम में सीबीआई के छह अधिकारी शामिल हैं, जो अगले तीन से चार दिनों तक साहिबगंज में रहकर अवैध खनन से जुड़े मामलों की गहन जांच करेंगे। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

****

झारखंड लोक सेवा आयोग ने वर्ष 2026 की भर्ती परीक्षाओं का आधिकारिक कैलेंडर जारी कर दिया है, इसके अनुसार विभिन्न 822 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया आयोजित होगी, जिसमें जेईटी, सीसीई–पीटी, सीडीपीओ, सहायक प्राध्यापक और अन्य पद शामिल हैं। संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2025 आठ मार्च, बैकलॉग प्रारंभिक परीक्षा 15 और 22 मार्च जबकि मुख्य परीक्षाएं मई तथा साक्षात्कार जून 2026 में आयोजित किए जाएंगे।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी प्रखंड में कल देर रात जंगली हाथी के उपद्रव ने पूरे इलाके को दहला दिया। जेटेया थाना क्षेत्र अंतर्गत बवाडिया और बड़ापासेया गांव में हाथी ने 7 ग्रामीणों को कुचलकर मार डाला, जिनमें चार लोग एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। इस हाथी ने पिछले 10 दिनों में कुल 16 लोगों को कुचला है। इस हाथी को नियंत्रित करने के लिए पश्चिम बंगाल से टीम भी बुलाई गई है और आज वन विभाग के उच्च अधिकारी भी चाईबासा पहुंच रहे हैं।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 28 हजार 800 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत दो लाख 65 हजार रुपये प्रति किलो है

****

कोडरमा समेत राज्यभर में पड़ रही ठंड और कोहरे के कारण आम जनजीवन प्रभावित होने लगा है। हावड़ा–दिल्ली मेन लाइन पर कोडरमा होकर गुजरने वाली तकरीबन एक दर्जन ट्रेने भी 8 से 10 घण्टे विलम्ब से चल रही है। इसमें राजधानी एक्सप्रेस समेत अन्य वीआईपी और एक्सप्रेस ट्रेने भी शामिल है। आम लोगों के अनुसार इस साल रिकॉर्ड तोड़ ठंड पड़ रही है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है।

****

केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि फुटबॉल के इंडियन सुपर लीग मुकाबले 14 फरवरी से शुरू होंगे। प्रतियोगिता में 14 टीम हिस्सा ले रही हैं।

****

रांची में खेली जा रही महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग में श्राची बंगाल टाइगर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एसजी पाइपर्स को सडन डेथ में हराया। निर्धारित समय तक मुकाबला गोलरहित रहने के बाद शूटआउट में मिली जीत से टाइगर्स को अहम बोनस अंक मिला और टीम ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। खिताबी मुकाबले में 10 जनवरी को श्राची बंगाल टाइगर्स और एसजी पाइपर्स एक बार फिर आमने–सामने होंगी।